**Hindustan (15.03.2016)**

# बुजुर्ग-युवा बन रहे डिजिटल साक्षर

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

नाती-पोतों को कंप्यूटर पर काम करते देखने वाले बुजुर्ग अब खुद कंप्यूटर चला रहे हैं, तो वहीं स्मार्टफोन की समझ भी बढ़ा रहे हैं। ये संभव हो पाया है वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से शुरू हुए डिजिटल साक्षरता अभियान से। प्रधानमंत्री मोदी की डिजिटल इंडिया मुहिम को बढ़ावा देने के लिए वाईएमसीए ने शहरवासियों को डिजिटली साक्षर बनाने की पहल शुरू की थी। इसके तहत अब तक कई लोग प्रशिक्षण ले चुके हैं।

ग्रामीणों को कंप्यूटर शिक्षा देने के लिए कम्यूनिटी कॉलेज की शुरुआत के बाद वाईएमसीए ने शहर में बच्चों से बुजुर्गों तक को डिजिटल तौर पर साक्षर करने की योजना बनाई है। पिछले महीने शुरू हुई इस योजना के जरिए 14 वर्ष से अधिक आयु के युवाओं से लेकर 60 साल तक के बुजुर्गों को कंप्यूटर की बेसिक जानकारी दी जा रही है। युवाओं से लेकर बुजुर्ग तक कंप्यूटर चलाने में दक्ष दो सकें यही उद्देश्य है।

## पहल

- शहरवासियों को कंप्यूटर शिक्षा देने को चलाया अभियान
- युवाओं से लेकर बुजुर्ग तक प्रशिक्षण लेने आ रहे

**शहरवासियों को निशुल्क प्रशिक्षण देना है उद्देश्यः** अभियान के तहत वाईएमसीए शहरवासियों को कंप्यूटर और स्मार्टफोन चलाने की बेसिक जानकारी देने में जुटा है। कंप्यूटर पर माइक्रोसॉफ्ट वर्ड, पेंट, नोटपैड के अलावा स्केनर, प्रिंटर जोड़ना सिखाया जाता है। इसके अलावा इंटरनेट, वेब और ब्लॉग का इस्टेमाल, ईमेल भेजना और प्राप्त करना, फेसबुक, ट्वीटर जैसी सोशल नेटवर्किंग साइट का इस्तेमाल करना और स्मार्टफोन व टेबलेट को हैंडल करने की जानकारी भी दी जाएगी।

**दस दिन प्रशिक्षण के बाद मिलेगा प्रमाण पत्र :** कोर्स के लिए विश्वविद्यालय के कम्यूनिटी कॉलेज में जाकर निशुल्क फॉर्म भरना होगा। इसके बाद दस दिन या 20 घंटे की अवधि का कोर्स करने के बाद विश्वविद्यालय की तरफ से बकायदा प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। दोपहर ढाई से साढ़े चार बजे तक कोर्स के तहत कक्षाएं चलती हैं।

**5 हजार लोगों को ट्रेनिंग देने का लक्ष्य :** 1 फरवरी से शुरू हुए इस अभियान के तहत अभी तक करीब सौ लोग जुड़ चुके हैं। एक साल में पांच हजार लोगों को ट्रेनिंग देने का लक्ष्य रखा है। इसके बाद पांच लाख लोगों को साक्षर किया जाएगा। करीब 25 बुजुर्ग अभी तक ट्रेनिंग ले चुके हैं। हर आयुवर्ग को फायदा मिले यही कोशिश है।

**Hindustan (15.03.2016)**

# वाईएमसीए में पूल कैंपस ड्राइव का आयोजन आज

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए में मंगलवार को आईटी क्षेत्र में परामर्श तथा तकनीकी सेवा देने वाली कंपनी नागारो की ओर से पूल कैंपस ड्राइव का आयोजन होगा। इसमें दिल्ली-एनसीआर के युवा भी हिस्सा ले सकेंगे। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. विक्रम सिंह ने बताया कि इस कैंपस ड्राइव में कंप्यूटर साइंस, आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स संकायों में बीटेक और एमटेक के अलावा एमसीए के वर्ष 2016 बैच के विद्यार्थी भी हिस्सा ले सकेंगे।

**Dainik Jagran (15.03.2016)**

## प्रणाम

**महायज्ञ**

सेक्टर-12 स्थित हनुमान मंदिर की ओर से विश्व शांति के लिए 101 कुंडीय यज्ञ, सुबह 10 बजे।

**धरना प्रदर्शन**

फरीदाबाद स्वर्णकार संघ की ओर से केंद्रीय बजट में किए गए प्रावधानों के विराध मे धरना प्रदर्शन, नेहरू ग्राउंड एनआइटी, सुबह 10 बजे।

**पूल कैंपस**

वाईएमसीए यूनिर्वसिटी मे पूल कैंपस ड्राइव, समय 10 बजे

**Navbharat Times (15.03.2016)**

## फटाफट खबरें

### प्लेसमेंट के लिए ड्राइव आज

■ **वस, फरीदाबाद :** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी के सहयोग से आईटी क्षेत्र में परामर्श और तकनीकी सेवा प्रदाता कंपनी नागारो की ओर से स्टूडेंट्स की प्लेसमेंट के लिए 15 मार्च को यूनिवर्सिटी परिसर में पूल कैंपस ड्राइव होगी। इसमें लगभग 650 विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। वाईएमसीए यूनिवर्सिटी के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ.विक्रम सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में कंप्यूटर साइंस, आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स संकायों में बी.टेक एवं एम.टेक के अलावा एमसीए के 2016 बैच के स्टूडेंट हिस्सा लेंगे। इस मौके पर वाईएमसीए विश्वविद्यालय के अलावा मानव रचना कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, फरीदाबाद एचएमआर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी, दिल्ली और गुरु तेग बहादुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी, दिल्ली के विद्यार्थी भी पहुंचेंगे।

**Amar Ujala (15.03.2016)**

## वाईएमसीए में पूल कैंपस ड्राइव आज

फरीदाबाद (ब्यूरो)। वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि में मंगलवार को विद्यार्थियों के लिए पूल कैंपस ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विद्यार्थियों के प्लेसमेंट के लिए प्रयास किया जाएगा। वाईएमसीए के साथ मिलकर आईटी क्षेत्र में परामर्श और तकनीकी सेवा प्रदान करने वाली कंपनी नागारो विद्यार्थियों के प्लेसमेंट के लिए यह आयोजन कर रही है। फरीदाबाद व एनसीआर के शैक्षणिक संस्थानों के लगभग 650 विद्यार्थी इसमे हिस्सा लेंगे।

**Punjab Kesari (15.03.2016)**

## वाईएमसीए विवि में पूल कैंपस ड्राइव आज

फरीदाबाद, 14 मार्च (सूरजमल) : वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय फरीदाबाद के सहयोग से आईटी क्षेत्र में परामर्श तथा तकनीकी सेवा प्रदाता कंपनी नागारो द्वारा विद्यार्थियों की प्लेसमेंट के लिए 15 मार्च को विश्वविद्यालय परिसर में पूल कैंपस ड्राइव का आयोजन किया जायेगा, जिसमें फरीदाबाद व एनसीआर के शैक्षणिक संस्थानों के लगभग 650 विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। वाईएमसीए विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ विक्रम सिंह ने बताया कि कंपनी द्वारा ट्रेनी सॉफ्टवेयर डेवलेपमेंट की भर्ती के लिए रखे गये भर्ती अभियान में कम्प्यूटर साइंस, आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स संकायों में बी.टेक एवं एम.टेक के अलावा एम.सी.ए. के वर्ष 2016 बैच के विद्यार्थी हिस्सा लेंगे।

पंजाब केसरी ई-पेपर Tue, 15 M
epaper.pu

**Dainik Bhaksar (15.03.2016)**

# स्टूडेंट को रोजगार देने को पूल कैंपस ड्राइव

**फरीदाबाद** | वाईएमसीए विश्वविद्यालय के सहयोग से आईटी क्षेत्र में परामर्श व तकनीकी सेवा प्रदाता कंपनी नागारो द्वारा विद्यार्थियों की प्लेसमेंट के लिए 15 मार्च को विश्वविद्यालय परिसर में पूल कैंपस ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। इसमें फरीदाबाद व एनसीआर के शैक्षणिक संस्थानों के लगभग 650 विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। इस संबंध में वाईएमसीए विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी डा. विक्रम सिंह ने बताया कि कंपनी द्वारा ट्रेनी सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट की भर्ती के लिए रखे गए भर्ती अभियान में कंप्यूटर साइंस, आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स संकायों में बीटेक एवं एमटेक के अलावा एमसीए के वर्ष 2016 बैच के विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। कंपनी द्वारा 3.5 लाख रुपए के प्रारंभिक वेतन की पेशकश की गई है। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। भर्ती अभियान में वाईएमसीए विश्वविद्यालय के अलावा मानव रचना कालेज आफ इंजीनियरिंग, फरीदाबाद एचएमआर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी, दिल्ली व गुरु तेग बहादुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी दिल्ली के विद्यार्थी भी हिस्सा ले रहे हैं।